# 12 जुआरी धराए, लाखों का माल जब्त

**पुराना महल क्षेत्र में कोतवाली पुलिस की जुआ पर बड़ी कार्रवाई**

**4 लाख 74 हजार 400 रूपये का माल जब्त किया**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए नगर के पुराना महल क्षेत्र से 12 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है. आरोपियों के पास से 05 बाइक, 12 मोबाइल व नगदी सहित 4 लाख 74 हजार 400 रूपए का माल जब्त किया है. थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 119/26 में धारा 13 जुआ एक्ट एवं 49 बीएनएस के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी. जिस पर पुराना महल स्थित पानी की टंकी के पास दबिश दी गई. मौके से 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में यह तथ्य सामने

### ये आरोपी धराए

गिरफ्तार आरोपियों में दरयाबसिंह पिता मोरसिंह तंवर, उम्र 31 वर्ष, निवासी झंझाडपुर, शकील पिता अजीज खां, उम्र 37 वर्ष, निवासी पुरोहित मोहल्ला राजगढ़, अभयसिंह पिता मदनलाल तंवर, उम्र 21 वर्ष, निवासी फूटा तलाब थाना कालीपीठ, अमरलाल पिता मांगीलाल तंवर, उम्र 21 वर्ष, निवासी झंझाडपुर, पर्वतसिंह पिता बीरम सिंह सोंधिया, उम्र 34 वर्ष, निवासी लालपुरिया, पप्पू पिता गोवर्धन तंवर, उम्र 28 वर्ष, निवासी कंवरपुरा, दरियाबसिंह पिता बनेसिंह तंवर, उम्र 28 वर्ष, निवासी नलखेड़ा, धीरप पिता मुंशीलाल वाल्मीकि, उम्र 39 वर्ष, निवासी कालाखेत राजगढ़, फुजेल पिता शाहनबाज खां, उम्र 23 वर्ष, निवासी पुरा मोहल्ला राजगढ़, जुबेर उर्फ बिट्टू पिता शहजाद खां, उम्र 30 वर्ष, निवासी पीटी कंपनी राजगढ़, फरीद पिता राजू उद्दीन, उम्र 30 वर्ष, निवासी भंडारा गली राजगढ़, विशाल पिता कैलाश प्रजापति, उम्र 23 वर्ष, निवासी खुजनेर रोड राजगढ़ शामिल है.

### नागरिकों को जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा का अवसर

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों जो आयकर दाता नहीं हैं को जगन्नाथपुरी ओडिशा की पावन तीर्थ यात्रा कराए जाने का निर्णय लिया गया है. जिले के पात्र हितग्राहियों से आवेदन पत्र संबंधित तहसीलों के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं.साथ ही तीर्थ यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत तीर्थ स्थल जगन्नाथपुरी हेतु आवेदन 06 मार्च, 2026 आमंत्रित किए गए हैं. यात्रा 20 मार्च से 25 मार्च, 2026 तक रहेगी तथा आवश्यक दस्तावेज में आवेदन पत्र के साथ आईडी, मतदाता पहचान पत्र आदि में से किसी एक की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटो आदि.

### त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से विवि में

सागर. डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 26 से 28 फरवरी तक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग ऑपर्चूनिटी एंड ग्लोबल चैलेंजेस इन केमिकल, फार्मास्यूटिकल एंड एनवायरमेंटल साइंसेज फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम अभिमंच सभागार, विवि परिसर में प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगा. मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. ए.पी. दाश होंगे, तथा तमिलनाडु केन्द्रीय विवि एवं विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के कुलपति रह चुके हैं. विशिष्ट अतिथि के रूप में मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के प्रो. सैमुअल एडेलोजू उपस्थित विशेष रुप से रहेंगे.

# हल्दी के घोल ने हर ली कई भेड़ों की जिंदगी

**गड़रियों का कहना मैना गांव की दुकान से खरीदी थी हल्दी**

**भेड़ों के शवों का पीएम होने के बाद होगा मामले का खुलासा**



नवभारत न्यूज

**सीहोर/ आष्टा 25 फरवरी. जिले की आष्टा तहसील के ग्राम मैना और खामखेड़ा गांवों के बीच डेरा डाले पशुपालकों के लिए मंगलवार का दिन भारी पड़ गया. हल्दी का घोल पिलाने के कुछ ही समय बाद भेड़-बकरियां तड़पने लगीं. जब तक उनको उपचार मिल पाता तब तक लगभग 80 भेड़ों की मौत हो गई.**

गर्मी प्रारंभ होते ही राजस्थान के पशु पालक अपने पशुओं को लेकर प्रदेश में आ जाते हैं. ऐसे ही कुछ पशुपालकों ने तहसील के ग्राम मैना और खामखेड़ा के बीच मैदान में डेरा डाल रखा है. बताया जाता है कि पशुपालकों ने ग्राम मैना के साप्ताहिक बाजार से पिसी हुई हल्दी खरीदी थी. बीमारियों से दूर रखने के उद्देश्य से हल्दी को पानी में घोलकर भेड़-बकरियों को पिलाया गया. बताया जा रहा है कि घोल पिलाने के कुछ ही देर बाद पशुओं में असामान्य लक्षण दिखाई देने लगे. पहले उल्टी शुरू हुई, फिर अत्यधिक कमजोरी के कारण वे खड़े नहीं हो पा रहे थे और एक-एक कर जमीन पर गिरने लगे. स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ी कि कुछ ही समय में पशु अचेत हो गए. पशुपालकों ने स्थानीय स्तर पर उपचार के प्रयास किए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी.

### पशुपालकों का कहना, मिलावटी थी हल्दी

घटना के बाद पशुपालकों ने आशंका जताई है कि बाजार से खरीदी गई हल्दी मिलावटी हो सकती है या उसमें कोई जहरीला रसायन मिला हो सकता है. ग्रामीणों का कहना है कि हल्दी वर्षों से पशुओं को दी जाती रही है, लेकिन इस तरह की सामूहिक मौत की घटना पहले कभी सामने नहीं आई। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि हल्दी के नमूने की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

# सिस्टम सुस्त- अवैध कालोनियों का फैलता जाल

**शहर और आसपास करीब 50 से ज्यादा अवैध कालोनियां ले रहीं आकार**



नवभारत न्यूज

**25 फरवरी विदिशा,शहर और आसपास के इलाके में अवैध कॉलोनियों का मामला तेजी से गंभीर रूप ले लिया है. वर्षों से बिना अनुमति, बिना योजनाबद्ध नक्शा और टीएंडसीपी के बिना जमीन पर कॉलोनियों का विकास हो रहा है, जिससे सरकारी नियमों का उल्लंघन हो रहा है और कई आम नागरिकों की जमा पूंजी भी इस जाल में फंसी हैं.जमीन के कारोबार से जुड़े जानकार लोगों की मानें तो शहर और उसके आसपास 100 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों की जानकारी सामने आ रही है.**

जिनमें से कुछ पर एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई करने का निर्देश जारी हुआ है. प्रशासन के अनुसार अब तक करीब 36 कॉलोनियों के मामलों पर रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है, और लगभग 32 कॉलोनियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी. कुल मिलाकर कम से कम 68 अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई का लक्ष्य रखा गया है यह पुराने आंकडे हैं.

### मंडी में जगह की कमी प्लाट के रेट भी ज्यादा

नवभारत न्यूज

**विदिशा**,विधायक मुकेश टंडन ने आज विधानसभा में शून्यकाल के दौरान कृषि उपज मंडी मिर्जापुर की समस्याओं को उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया. उन्होंने कहा कि विदिशा की नवीन मंडी में प्रतिवर्ष लगभग 26 लाख क्विंटल गेहूं तथा करीब 16 लाख क्विंटल धान की आवक होती है, जिससे मंडी परिसर पर अत्यधिक दबाव बना रहता है. विधायक ने बताया कि मंडी में स्थान की कमी के कारण किसानों और व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है. इस समस्या के समाधान हेतु 50 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है, जिसका प्रस्ताव 1 जुलाई 2019 से लंबित है.

# इस बार डिजिटल होगी जनगणना

## आबादी 20 लाख पार होने का अनुमान

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 25 फरवरी. जनगणना की तैयारी शुरू हो गई है। पहली बार ये काम कागजों के बजाय मोबाइल एप से होगा यानि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। जाति आधारित आंकड़े भी जुटाए जाएंगे।**

2011 में हुई जनगणना में जिले की आबादी 15 लाख 75 हजार से अधिक थी। करीब 15 साल अंतराल के बाद हो रही जनगणना में जिले की आबादी 20 लाख पहुंचने का अनुमान है। बता दे कि इस साल जनगणना का महत्वपूर्ण कार्य होना है। मध्यप्रदेश राज्य में जनगणना




2027 के प्रथम चरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक पूर्ण किया जायेगा। जिसकी अधिसूचना मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में जारी की जा चुकी है। वैसे जनगणना 2 चरणों में होगी। लोग चाहे तो जनगणना से संबंधित जानकारियां स्वयं भी एप के जरिए ऑनलाइन दे सकते हैं। जनगणना के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर पहुंचकर मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य किया जायेगा। हालांकि जनगणना के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे जा चुके है। पूरी प्लानिंग हो चुकी है। शासन की मंशानुसार जनगणना का काम होगा और चरण बद्ध तरीके से काम को अंजाम दिया जाएगा।

**8वीं बार जनगणना, दो चरणों में होगा काम :** बताया जा रहा है कि यह आठवीं जनगणना होगी। इस बार जनगणना डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल एप से डाटा संकलन किया जाएगा।

### कवि सम्मेलन का आयोजन

**गौरझामर 25 फरवरी.** एक शाम शहीदों के नाम एक दिवसीय अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन 28 फरवरी को विधायक बृजबिहारी पटैरिया के मुख्य आतिथ्य में नयापुरा चौराहा पर किया जा रहा है. विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजकुमार सिह बरकोटी रहेंगे. अध्यक्षता सरपंच श्रीमति बबीता विश्वकर्मा कर रही है. गौरझामर में पहली बार देश के विभिन्न प्रदेशो से कवि आ रहे है. कवियो में हास्य कवि मुकेश शाडिल्य, गौरीशंकर धाकड़, श्रृंगार रस कवित्रि संगीता सरल, श्रीमति नेहा बहल चाहत,अर्जुन सिंह चांद गीतकार, दिनेश याज्ञनिक व्यंग्य कवि एवं गीतकार को आमंत्रित किया गया है.

## एक नजर में



### शिविर में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

**दोराहा.** जनसमस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. बुधवार को ग्राम पंचायत आमोन और ग्राम पंचायत दोराहा में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया. शिविरों में अनेक विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और ग्रामवासियों से आवेदन प्राप्त कर निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई. यह अभियान 131 मार्च तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा.



### संकल्प से समाधान अभियान शिविर आयोजित

अशोकनगर। संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलस्टर लेवल कैम्प ग्राम पंचायत जलालपुर में आयोजित किया गया। संकल्प से समाधान अभियान में कुल 135 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों मे से 35 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया व शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। इस कैम्प में नायब तहसीलदार कार्तिकेय मुदगल सहित पटवारी ग्राम, रोजगार सहायक एवं सरपंच उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में मनाया होली मिलन समारोह

**बैतूल।** हमारे पारंपरिक होली के त्यौहार को सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप में मनाने का संदेश देते हुए नटराज नृत्य एवं संगीत महाविद्यालय, बैतूल में होली मिलन समारोह फूलों और गुलाल के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को होली के सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराते हुए रासायनिक रंगों से दूर रहने की प्रेरणा देना रहा। कार्यक्रम में सभी बच्चों और उनके अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति रही। फूलों और गुलाल से सभी ने मिलकर आनंदपूर्वक होली खेली। पूरे परिसर में पारंपरिक रंगों, उमंग और सौहार्द का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शीतल निरापुरे मैडम, माला मैडम, मधुबाला देशमुख मैडम, रामविजय सर, सरिता मैडम, मिशिता, लाव्या, ग्रीष्मा, दिव्यांशी, विद्या, राजकुमार, अविका सोनी तथा शिरीष सर ने उल्लास के साथ किया। पूरी टीम ने बच्चों को होली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश निरापुरे ने सभी को सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली खेलने की सीख दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रासायनिक रंगों का उपयोग स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक है, इसलिए प्राकृतिक रंगों और फूलों से ही होली मनाई जाए। अभिभावकों और बच्चों ने मिलकर आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

### पार्टी संगठन को मजबूत बनाने दिया ज्ञापन

**गंजबासौदा** भोपाल में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित ट्रेड डील विरोध सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश सुहाने के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र सौंप कर गंजबासौदा में आने का आमंत्रण दिया. इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नेता भी उपस्थित थे.

# बस हड़ताल से होली पर होगा हाहाकार

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 25 फरवरी, का. राज्य सरकार द्वारा यात्री बसों के संचालन हेतु प्रदेश में लागू की जा रही नई परिवहन नीति का बस ऑपरेटरों ने विरोध करते हुए आगामी दो मार्च से हड़ताल की चैतावनी दी है. अगर ऐसा होता है तो यात्रियों का होली पर हा हा कार मच सकता है.**

उल्लेखनीय है कि सरकार यात्री बसों का संचालन शुरू करने हेतु नई परिवहन नीति लाया है. बस ऑपरेटरों द्वारा स्थान-स्थान पर रूक कर यात्री को अपने गंतव्य तक छोड़ने वाली स्टेज कैरिज बसों के संचालन के लिए लाई जा रही नई नीति को दमनकारी बताया है. उनका कहना है कि इससे बस मालिक आहत है.

इस नीति में सुधार करने की मांग करते हुए बस ऑपरेटरों ने जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा है कि यदि इसमें सुधार नहीं किया गया तो प्रदेश सहित जिले भर में 2 मार्च से बसों का संचालन बंद करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे.

गौरतलब है कि अगर होली जैसे त्यौहार पर जबकि महिलाओं को अपने मायके आने की परंपरा प्रचलित है. साथ ही त्यौहार पर बाहर रहने वाले काम काजी लोगो का भी अपने गांव, घर आते है. अगर ऐसे में इस समय हड़ताल होती है तो यात्रियों में हा हा कार मचना स्वभाविक है.



बुधवार को मध्य प्रदेश बस आनर्स एसोसिएशन के द्वारा जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें कहा गया कि 24 जनवरी 2025 को राजपत्र में संशोधन का प्रारुप प्रकाशित किया गया है, उसे वापस या समाप्त किया जाये. 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में किया गया संशोधन प्रकाशित किया है उसे पूर्ण रुप से समाप्त किया जाये तथ वर्तमान में जिस व्यवस्था के साथ प्रदेश में बस संचालन किया जा रहा है उसे यथावत रखा जाये. इस अवसर पर बड़ी संख्या में बस संचालक उपस्थित रहे.

# सुपर क्लर्क का विभाग को करारा जवाब



नवभारत न्यूज

**गुना 25 फर. का। कहते हैं कि सरकारी महकमों में फाइलों का वजन इतना होता है कि आम आदमी की चीख उनके नीचे दबकर रह जाती है, लेकिन गुना के लोक निर्माण विभाग के साथ बुधवार को जो हुआ, उसने इतिहास के पन्नों में एक मिसाल कायम कर दी है।**

यह कहानी किसी बॉलीवुड फिल्म के क्लाइमेक्स जैसी है, जहाँ एक अदना सा कर्मचारी 'सिस्टम' को घुटनों पर ले आता है। जब 30 साल तक न्याय के लिए भटकने के बाद भी विभाग की नींद नहीं टूटी, तो अदालत का हथौड़ा ऐसा चला कि पीडब्ल्यूडी दफ्तर की ईंट से ईंट बज गई। नजारा ऐसा था कि देखते ही देखते दफ्तर का सारा सामान सड़क पर आ गया और 'साहब' पैदल हो गए। इस पूरी कानूनी दास्तान के नायक हैं कौशल किशोर राठौर, जो पीडब्ल्यूडी विभाग में में लोअर डिवीजन क्लर्क के पद पर तैनात थे। विवाद की जड़ तब शुरू हुई जब 1995 में उन्होंने महसूस किया कि विभाग उन्हें उनके पद और काम के अनुरूप उचित वेतन नहीं दे रहा है। एक आम कर्मचारी शायद इसे अपनी किस्मत मानकर समझौता कर लेता, लेकिन राठौर ने 'हक' की लड़ाई चुनी। यह लड़ाई कोई छोटी-मोटी जंग नहीं थी। निचली अदालत से शुरू हुआ यह सिलसिला हाई कोर्ट की दहलीज पार करते हुए देश की सबसे बड़ी अदालत, सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुँचा। 1995 से लेकर 2026 तक, यानी पूरे 31 साल राठौर ने इस केस को जिंदा रखा।

दफ्तर का नजारा किसी लूटे हुए खंडहर जैसा लग रहा था। जहां फाइलें जमी रहती थीं, वहां अब सिर्फ धूल के निशान थे। जिला नाजिर ने स्पष्ट कर दिया है कि यह कार्रवाई 36.68 लाख रुपये की वसूली के लिए है। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि इन तमाम कुर्सियों, मेजों, कंप्यूटरों और कार को बेचकर पैसा पूरा नहीं हुआ, तो अगला नंबर ढहऊ की बिल्डिंग और जमीन का होगा। यानी, अगर विभाग ने अब भी पैसा नहीं दिया, तो बहुत जल्द दफ्तर की जमीन की नीलामी के बोर्ड लग जाएंगे।

# पुलिस गिरफ्त में आया मंदिर से चोरी करने वाला

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। ईसागढ़ पुलिस द्वारा मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया मुकुट एवं कुंडल बरामद किए गए है।**

दरअसल 13 फरवरी कोठारखेड़ी निवासी अमर सिंह बंजारा पुत्र श्रीराम वंजारा ने पुलिस को बताते हुए रिपोर्ट कराई थी कि किसी अज्ञात चोर द्वारा हनुमान जी मंदिर के मैन गेट व अंदर वाले गेट का ताला ग्रांइडर मशीन से तोडकर श्री हनुमान मंदिर का चांदी का मुकुट एवं चांदी के कुंडल चोरी कर ले गया। पुलिस ने जहां प्रकरण की सूचना मिलने पर मामला पंजीवद्ध किया तो वही प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी ईसागढ उप निरीक्षक मीना रघुवंशी के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एंव चोरी गये माल की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये तकनीकी साक्ष्यों एवं सशक्त मुखविर तंत्र की सहायता से आरोपी अरविन्द्र पुत्र मोहन सिंह बंजारा निवासी कोठारखेडी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।



### नरवाई न जलाने किसानों को किया जागरूक

**पिपरिया** नरवाई न जलावे धरती को बचाये को लेकर कृषि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में पहुंच ग्रामीणो को जागरूक किया जा रहा है। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी निराली आर्य ने बताया कि कृषि विभाग की टीम ग्रामो में पहुंच नरवाई बचाओ खाद बनाओ के नारे के साथ किसानो को जागरूक किया जा रहा है। गेंहू की खेती में यंत्रीकरण का उपयोग बढने से गेंहू की कटाई कम्बाइन हार्वेस्टर ट्रेक्टर द्वारा आसानी से समय पर की जा सकती है किंतु उससे गेंहू के ठंडल याने नरवाई एवं भूसा खेत में ही छोड दिया जाता है.

**एडवाइजरी** होली को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं

# होली मनाने वाले हुरियारों पर रहेगी पुलिस और कैमरों की नजर

नवभारत न्यूज

**विदिशा, होली के पावन पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से विदिशा पुलिस ने होलिका महोत्सव 2026 के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में तैयार इस एडवाइजरी का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए नागरिकों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है.**

पुलिस द्वारा जारी निर्देशों में आमजन से अपील की गई है कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ मनाएं. एडवाइजरी के अनुसार किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग न लगाया जाए और रासायनिक या हानिकारक रंगों के उपयोग से बचा जाए. जल स्रोतों को दूषित न करने की भी विशेष हिदायत दी गई है. कीमती सामान की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है. कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक पोस्ट साझा न करने की चेतावनी दी गई है.

साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी. भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. किसी भी विवाद या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या डायल-112 पर देने का आग्रह किया गया है.

महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने स्पष्ट किया है कि छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या जबरन रंग लगाने की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएग इसके अतिरिक्त डीजे पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा तथा बिना अनुमति लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा. सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहेगा तथा होटल, ढाबों और पिकनिक स्थलों पर औचक निरीक्षण किए जाएंगे।



फाईल फोटो

### शांति समिति की बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए सिटी कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान, यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर, नपा इंजीनियर भानू कुशवाह और विद्युत विभाग के उपयंत्री उज्जवल बारंगे उपस्थित रहे। इस दौरान थाना प्रभारी श्री चौहान ने बताया कि आगामी दिनों में हिंदू और मुस्लिम समाज के त्यौहार एक साथ है, जिसके चलते प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी त्यौहारों को परंपरागत रूप से मनाया जाए। तो वहीं होली उत्सव के दौरान ही पवित्र रमजान माह चल रहा है जिसमें शांति और सद्भाव की मिसाल कायम रखते हुए लोग सभी त्यौहार मनाएं।